# निवेशकों की समस्याओं का समाधान दो महीने में होगा

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** इन्वेस्ट यूपी ने निवेशकों हर बाधा को दूर करने के लिए सक्रिया सुविधा तंत्र की शुरुआत की है। इससे अधिकतम 60 दिनों में उनकी समस्याओं का समाधान होगा। निवेश प्रस्ताव से लेकर उद्यम स्थापित किए जाने तक सुविधा व सहायता दी जाएगी।

निवेशकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान के लिए मुख्यमंत्री उद्यमी मित्र एकल-बिंदु सुविधा शुरू की गई है। इसमें हर उद्यमी मित्र को 10 निवेश परियोजनाएं दी गई हैं। हर निवेश प्रस्ताव को पहले 60 दिनों में शुरुआत से लेकर अंत तक पूरा सहयोग व समर्थन दिया जाएगा। उद्यमी मित्र निवेशकों के सभी दस्तावेजों को पूरा कराने के अलावा विभागों के साथ समन्वय कर मुद्दों का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। उद्यमी मित्र के कार्यों की अब हर 15 दिन में वरिष्ठ अधिकारी समीक्षा करेंगे।